Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

# ST. JOSEPH'S COLLEGE, PRAYAGRAJ
## HALF YEARLY EXAM – OCTOBER 2023
## HINDI
## CLASS IX

**Time: 3 Hrs.** **M.M.: 80**

नोटः– यह प्रश्न पत्र दो भागों में विभाजित हैं– खण्ड 'क' एवं खण्ड 'ख'। खण्ड – 'क' के सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। खण्ड–'ख' से कुल चार प्रश्नें के उत्तर देना अनिवार्य है।

### खण्ड– क – [40 Marks]

**प्रश्न 1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 250 शब्दों में एक निबन्ध लिखिए– 15**

1. वर्तमान युग डिजिटल युग है, और इस युग को मानव जाति ने बड़े ही हर्ष के साथ स्वीकार किया है, इन्टरनेट आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, आपकी दृष्टि में इन्टरनेट ने हमें किस हद तक प्रभावित किया है, लिखिए।
2. विद्यार्थियों में दिन–प्रतिदिन बढ़ती अनुशासनहीनता के कारणों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की उपयोगिता पर अपने विचार लिखिए।
3. ''अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेलकूद की उतनी ही आवश्यकता है, जितनी शिक्षा की'' इस विषय पर एक लेख लिखिए।
4. 'साँच को आँच नहीं' इस उक्ति को आधार बनाकर कोई लेख लिखिए।
5. नीचे दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक देखकर कोई कहानी, घटना या लेख लिखिए जिसका सीधा सम्बन्ध चित्र से होना चाहिए।



**प्रश्न 2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक पत्र लिखिए। 07**

1. आपके विद्यालय की क्रिकेट टीम ट्रॉफी जीतकर लाई है। क्रिकेट टीम के सभी सदस्यों को विद्यालय की ओर से सम्मानित करने का अनुरोध करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए।
2. आपकी छोटी बहन अपना अधिकांश समय सोशल मीडिया के उपयोग में व्यतीत करती है। उसे सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए।

**प्रश्न 3. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक, पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में लिखिए।**

एक गाँव में मूलचंद नाम का एक किसान रहता था, वह बहुत मेहनती था, उसके दो बेटे थे। बड़े का नाम रामचंद एवं छोटे का नाम श्यामचंद था। मूलचंद ने खेतों में खूब मेहनत की धीरे–धीरे वह धनवान हो गया। जब वह बूढ़ा हो गया तो उसके खेतों का काम उसके बेटों ने सम्भाल लिया। अब मूलचंद को चिंता सताने लगी कि मेरी तबियत ठीक नहीं रहती है यदि मुझे कुछ हो गया तो दोनों भाई कहीं सम्पत्ति के लिए लड़ने न लगें।

मूलचंद ने बँटवारे का एक उपाय सोचा उसने रात में अपने खेत में दो घड़े गाड़ दिए। कुछ दिनों के बाद जब उसकी तबियत ज्यादा खराब हो गई तब उसने अपने दोनों पुत्रों को बुलाकर कहा "मैंने खेत के बाएँ कोने में दो घड़ों में धन गाड़ दिया है, मेरे मरने के बाद घड़ों को निकाल लेना और जिसे जो मिले उसी में संतोष करना।

कुछ दिनों के बाद मूलचंद की मृत्यु हो गई। दोनों बेटों को अपने पिता की बात याद आई। गाँव के कुछ लोगों के साथ दोनों खेत पर गए और खुदाई की उन्हें दो घड़े मिले, घड़ों के मुँह बंद थे। गाँव के मुखिया ने उनसे कहा पहले दोनों एक–एक घड़ा बाँट लो फिर इसे खोलना, जिसके हिस्से में जो आए वो ले लेना।

"भैया पहले आप एक घड़ा चुन लीजिए छोटे भाई ने अपने बड़े भाई रामचंद से कहा परन्तु बड़े भाई ने पहले छोटे भाई से घड़ा चुनने को कहा लेकिन छोटे भाई ने बड़े भाई का सम्मान करते हुए पहले रामचंद से घड़ा चुनने की प्रार्थना की। तब बड़े भाई रामचंद ने एक घड़ा उठा लिया और छोटे भाई रामचंद दूसरा घड़ा ले लिया।

जब घड़े खोले गए तो बड़े भाई के घड़े में सोने तथा जेवरात थे वह खुशी से उछल पड़ा और छोटे भाई के घड़े में मिट्टी निकली यह देखकर वह उदास हो गया। उसकी समझ में नहीं आया कि पिताजी ने एक घड़े में सोना, जेवरात एवं दूसरे में मिट्टी क्यों रखी।

मुखिया ने छोटे भाई को सलाह दी कि तुम इस बारे में राजा से पूछो वे बहुत समझदार हैं तुम्हारी इस पहेली को अवश्य सुलझा देंगे, जब छोटा भाई राजा के पास गया और उन्हें सारी बात बताई तब राजा ने पूरी कहानी सुनकर हँसते हुए एवं निर्णय देते हुए कहा यह तो साधारण सी बात है, तुम्हारे पिता ने एक घड़े में मिट्टी इस लिए रखी की जिसके पास यह घड़ा आएगा, वही जमीन का मालिक होगा। सभी ने राजा के निर्णय का सम्मान किया।

1. मूलचंद कौन था, उसे कब क्या चिंता हुई ? 2
2. अपनी मृत्यु का समय पास आने पर, मूलचंद ने अपने दोनों पुत्रों से क्या कहा ? 2
3. रामचंद के घड़े में क्या निकला तब उसकी क्या प्रतिक्रिया हुई ? 2
4. श्यामचंद के घड़े में क्या निकला तब उसकी क्या स्थिति हुई ? 2
5. इस गद्यांश के अन्त में क्या हुआ समझाइए ? 2

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए–**

1. 'अग्रज' शब्द का विलोम बताइए– 1

   (क) मनुज (ख) अनुज (ग) दनुज (घ) अनुजा

2. 'किनारा' शब्द का पर्यायवाची बताइए– 1

   (क) कुल–कूल (ख) तट–द्वीप (ग) कगार–कूल (घ) तीर–धनुष

3. 'योग्य' शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए– 1

   (क) योगी (ख) योग्यता (ग) सुयोग्य (घ) योग

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute 8-D, Kutchery Road. Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE

4. 'खेल' शब्द का विशेषण बताइए– 1
(क) खेलना (ख) खेलता (ग) खिलाड़ी (घ) खेला

5. 'अनुशरण' शब्द का शुद्ध रूप बताइए– 1
(क) अनूशरण (ख) अनुसरन (ग) अनुशरन (घ) अनुसरण

6. 'पीठ दिखाना' मुहावरे का अर्थ बताइए– 1
(क) नाराज होना (ख) काम न करना (ग) हार कर भागना (घ) अड़े रहना

**7. निर्देशानुसार उचित वाक्य बताइए–**

1. *माँ के मीठे वचनों से बेटा खुश हो गया।* (वाक्य में 'खुशी' शब्द का प्रयोग कीजिए।) 1
(क) माँ के मीठे वचनों को सुनकर बेटे के स्वभाव को खुशी मिली।
(ख) माँ के मीठे वचनों से बेटे के हृदय को खुशी मिली।
(ग) माँ के मीठे वचनों से बेटे को खुशी मिली।
(घ) माँ के प्यारे वचनों से बेटे को खुली मिली।

2. *पुलिसवाले ने चोर को पकड़ लिया।* (वचन बदलकर पुनः लिखिए) 1
(क) पुलिसवालों ने चोर को पकड़ लिया।
(ख) पुलिसवाले ने चोरों को पकड़ लिया।
(ग) पुलिस वालों ने डाकू को पकड़ लिया।
(घ) पुलिसवालों ने चोरों को पकड़ लिया।

## खण्ड– ख [40 Marks]

### साहित्य सागर (पद्य)

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रश्न 5.

*कमरी थोरे दाम की, बहुतै आवै काम।*
*रवासा मलमल वाफ्ता, उनकर राखै मान।।*
*उनका राखै मान, बंद जहाँ आड़े आवै।*
*बकुचा बाँधे मोट, रात को झारि बिछावै।।*
*कह गिरिधर कविराय मिलत है थोरे दमरी।*
*सब दिन राखै साथ, बड़ी मर्यादा कमरी।।*

1. 'कमरी' शब्द का क्या अर्थ है, इसकी क्या उपयोगिता है। 2
2. कवि ने 'कमरी' की कौन–कौन सी विशेषताएँ बताई हैं। 2
3. 'रवासा' मलमल वाफ्ता, उनकर राखे मान'– इस पंक्ति का क्या अर्थ है, समझाकर लिखिए। 3
4. इस पद के कवि का जीवन परिचय लिखिए। 3

प्रश्न 6.

*लेकिन विघ्न अनेक अभी, इस पथ पर अड़े हुए है*
*मानवता की राह रोककर, पर्वत अड़े हुए हैं।*
*न्यायोचित सुख सुलभ नहीं, जब तक मानव–मानव को*
*चैन कहाँ धरती पर तब तक, शांति कहाँ इस भव को ?*

1. 'विघ्न' का क्या अर्थ है, ये कहाँ अड़े हुए हैं ? 2
2. 'मानवता की राह रोककर पर्वत अड़े हुए हैं'– इस पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2
3. इस पद के आधार पर समझाइए कि समाज में शांति कैसे स्थापित हो सकती है। 3
4. इस पद के कवि का जीवन परिचय दीजिए। 3

प्रश्न 7.

*रहिए लटपट काटि दिन, बरू घामे माँ साय।*
*छाँह न बाकी बैठिए, जो तरू पतरो होय।।*
*जे तरू पतारे होय एक दिन धोखा देहैं।*
*जा दिन बहै बयारि, टूटि तब जर से जैहैं।।*
*कह 'गिरिधर कविराय,' छाँह मोटे की गहिए।*
*पाती सब झरि जायँ, तऊ छाया में रहिए।।*

1. 'छाँह मोटे को गहिए'– इस पंक्ति का क्या आशय है ? 2
2. इस कुंडली के अनुसार एक दिन हमें कौन धोखा देगा और कब ? इस धोखे से बचने के लिए हमें क्या करना चाहिए 2
3. प्रस्तुत कुंडली के अनुसार कवि हमें क्या संदेश देना चाह रहे हैं समझाकर लिखिए। 3
4. अर्थ लिखिए– 1. तरू 2. पाती 3. जर से 4. बयारि 5. घामें 6. पतरो। 3

## साहित्य सागर– (गद्य)

**निम्नलिखित गद्यांश को पढकर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**प्रश्न 8. "लेकिन आधा रास्ता पार करते–करते धूप में इतनी तेज आ गई कि चलने में कष्ट होने लगा।"**

1. किसे और क्यों कष्ट होने लगा ? 2
2. धनी सेठ ने कहाँ विश्राम किया और क्यों ? 2
3. धनी सेठ कहाँ जा रहे थे ? उनके पास क्या–क्या सामान था ? उसका प्रबंध किसने एवं कैसे किया? 3
4. सेठ जी ने कितनी रोटियाँ खाई, यदि नही तो क्यों ? विस्तार पूर्वक लिखिए ? 3

**प्रश्न 9. "इसे पकड़कर काकी उतर नहीं सकती, इसके टूट जाने का डर है।"**

1. इस कथन का वक्ता एवं श्रोता कौन है, उनमें से कौन अधिक समझदार था। 2
2. काकी कौन हैं ? उनका नाम लिखिए ? 2
3. काकी को कहाँ से उतारना था, किसके टूट जाने का डर था और क्यों 3
4. इस कहानी के अन्त में क्या हुआ समझाकर लिखिए। 3

**प्रश्न 10. देखो तो ... यह पत्थर यहाँ कैसे उठ आया ?**

1. इस कथन का वक्ता एवं श्रोता कौन है एंव उनका आपस में क्या सम्बन्ध है ? 2
2. किनकी आँखें चौधियानें लगी और क्यों ? 2
3. दिव्य वाणी क्या थी। दिव्यवाणी सुनकर किसने क्या किया ? 3
4. इस कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है? समझाकर लिखिए ? 3

**********************************ALL THE BEST****************************************



Python Robotics & AI
JAVA Comp. Applications
Experts' Institute
8-D, Kutchery Road, Ph:9415368884
EXPERTS' INSTITUTE